मंगलवार

20 जून, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




सांसद बृजभूषण के इलाके के टोलकर्मी को हरियाणा के बाउंसर्स ने पीट-पीटकर मार डाला 2



# 2024 में महागठबंधन-ठगबंधन को बिहार की जनता साफ करेगी: सम्राट

- बोले-मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अब महागठबंधन में कुछ नहीं चल रहा
- कहा-बिहारी अस्मिता के लिए हम नीतीश मुक्त बिहार बनाएंगे

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पार्टी दिन प्रतिदिन मजबूत हो रही है। 2024 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ये जितने महागठबंधन-ठगबंधन के लोग हैं इनको पूरी तरह बिहार की जनता साफ करेगी। सोमवार को सम्राट चौधरी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस को संबोधित कर रहे थे। अटल सभागार में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह सह सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में शीला सिंह कुशवाहा, कुंतल कृष्ण समेत हजारों की संख्या में कार्यकताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई।



सम्राट चौधरी ने कहा कि जिस तरह से कल कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि कैबिनेट का विस्तार होगा। इसका मतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का अब महागठबंधन में कुछ नहीं चल रहा है। नीतीश कुमार पहले तो बिहार की राजनीत से अप्रासंगिक हो गए थे अब ये लग रहा है कि अब उनकी बात सरकार में भी नहीं सुनी जा रही है। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहारी अस्मिता के लिए हम नीतीश मुक्त बिहार बनाएंगे।

## कांग्रेस की गोद में बैठकर खेल रहे हैं नीतीश-लालू

बीजेपी नेता ने कहा कि नीतीश कुमार सिर्फ और सिर्फ कठपुतली के मुख्यमंत्री रह गए हैं। इससे ज्यादा कोई रोल नहीं है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जिस आपातकाल में कांग्रेस ने लाठियां चलाकर बिहार के समाजवादियों को राजनीतिक तौर पर जन्म दिया हो वही लाठी खाने वाले नेता आज कांग्रेस की गोद में खेल रहे हैं। 1974 के आंदोलन के तमाम नेता चाहे वो लालू हों या नीतीश कुमार हों, ये सारे लोग आज कांग्रेस की गोद में खेलने का काम कर रहे हैं।

**'2024 में हाफ और 2025 में जेडीयू साफ':** जिस तरह 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी उसी तरह बिहार में भी 2025 में बनेगी। बीजेपी ने बिहार में कई लोगों को मुख्यमंत्री बनाया। कपूर्री ठाकुर को दो बार, नीतीश कुमार को पांच बार मुख्यमंत्री बनाया। कहा कि 2024 में जेडीयू हाफ हो और 2025 में पूरी तरह साफ हो जाएगी।

## जातीय हिंसा में मणिपुर जल रहा है फिर भी प्रधानमंत्री मोदी के मन में वहां के हित की बात क्यों नहीं आती: ललन सिंह



मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों के बीच एक महीने से अधिक समय से चल रही जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इसको लेकर जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने सोमवार को ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात में मणिपुर के हित की बात क्यों नहीं आती है? मणिपुर में भी डबल इंजन वाली बीजेपी सरकार है। समय निकट है, देश की जनता सब का हिसाब लेगी।
वहां भी डबल इंजन वाली बीजेपी सरकार है' ललन सिंह ने ट्वीट कर लिखा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आखिर आपके मन की बात में मणिपुर के हित की बात, मणिपुर और देशभर में सामाजिक सौहार्द एवं शांति की बात, युवाओं के हित की बात, महंगाई की बात, बेरोजगारों के हित की बात क्यों नहीं आती है। मणिपुर भारत में ही है, वहां भी डबल इंजन वाली बीजेपी सरकार है। महीनों से जो मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। देश के प्रधानमंत्री के मन की बात में यह क्यों नहीं आती? समय निकट है, देश की जनता सब का हिसाब लेगी। मणिपुर में करीब एक महीने पहले मेइती और कुकी समुदाय के बीच भड़की जातीय हिंसा में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों घायल हुए हैं। इसके अलावा इस हिंसा की आग के चलते हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। विपक्षी दल इस मामले को जमकर उछाल रहे हैं, विपक्ष का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरे पर जा रहे हैं, जबकि भारत का एक हिस्सा हिंसा की आग में जल रहा है।

# औरंगाबाद में तालाब में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

औरंगाबाद के जम्होर में सोमवार को दलदली तालाब में डूबने से तीन मासूम की मौत हो गई। मृतक बच्चे एक ही घर के थे, जिसमें दो सगे और एक चचेरा भाई था । घटना के बाद से गांव में मातम छा गया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि बच्चे तालाब में नहाने के साथ-साथ खेल रहे थे। इस दौरान तीनों का पैर फिसल गया। पैर फिसलने के बाद तीनों बच्चे दलदली तालाब में गिर गए। तालाब में ज्यादा पानी होने की वजह से तीनों बच्चे डूब गए।

जानकारी के अनुसार जम्होर के कचहरी तालाब में नहाने के दौरान तीन बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान तीनों तालाब में डूब गए। मृतकों में छह वर्षीय आयुष, पांच वर्षीय तेजस्वी और छह वर्षीय पीयूष शामिल है। मृतकों में तेजस्वी इकलौता संतान था, जबकि आयुष और पीयूष सगे भाई थे। बताया जा रहा है तालाब चार दिन पहले ही बना था।

**घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल:** स्थानीय लोगों ने बच्चों को तालाब में डूबते देख आनन-फानन में तालाब से निकालकर इलाज के लिए जम्होर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान तीनों बच्चों की मौत हो गई। मृतक के पिता ने कहा कि उसके दो ही बेटे थे। दोनों की मौत के बाद वह संतानहीन हो गया। वहीं, बच्चों की मौत के बाद गांव में मातम का माहौल है।

## खबरें फटाफट

### हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं की हुई समीक्षा

**पटना।** बिहार में प्रचंड गर्मी का कहर जारी है। इस बीच बिहार सरकार ने सोमवार को हीट वेव को लेकर दक्षिण बिहार के जिलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने सभी चिकित्सा संस्थानों के प्रमुख को अस्पताल के हीट वेव के पीड़ितों के लिए बनाए गए वार्ड में एसी की व्यवस्था करने, 24 घंटे बिजली की उपलब्धता, दवा की उपलब्धता रखने का निर्देश दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में 5 मेडिकल कॉलेज अस्पताल और सभी जिला अस्पताल में इलाज की सुविधा की समीक्षा की गई।

### दानापुर में युवक की गोली मारकर हत्या

**पटना।** दानापुर शाहपुर थाना क्षेत्र के रघुरामपुर टोला निवासी राज कुमार साव के 18 वर्षीय पुत्र ईशु कुमार उर्फ राजा को रविवार को देर शाम बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सिंकदरपुर बांध के पास रविवार को देर शाम घटी। मौत की सूचना पर पहुंची मृतक की मां बार-बार बेहोश हो जा रही थी। मृतक के दोस्त ने बताया कि छह बजे फोन किया था कि सिंकदरपुर बांध में मारपीट हो रही है। थोडी देर के बाद सूचना मिली कि ईशु गोली लगने से जख्मी हो गया है। इलाज के लिए वह अपनी स्कूटी से सगुना मोड़ के एक निजी अस्पताल ले गया, जहां पर उसकी मौत हो गई।

## यूपी में हीट वेव से हो रही मौतों के बाद एक्शन में आई योगी सरकार

# बीमारी की स्थिति में हर किसी को मिले मेडिकल सुविधा: योगी

- सीएम योगी ने प्रदेश में लू की स्थिति को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक
- अधिकारियों को हर स्तर पर बचाव के पुख्ता इंतजाम का दिया निर्देश

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में हीट वेव की वजह से लगातार बढ़ते मरीजों और मौतों को लेकर योगी सरकार एक्शन में आ गई है। सीएम योगी ने प्रदेश में लू की स्थिति को लेकर सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें अधिकारियों को हर स्तर पर बचाव के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि हीटवेव के लक्षणों और उससे बचाव के लिए आमजन को जागरूक किया जाए, कहीं भी पेयजल का अभाव न हो, बाजार, मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही बीमारी की स्थिति में चिकित्सकीय सुविधा भी मुहैया करना को कहा। यूपी समेत पूरा उत्तर भारत इन दिनों हीट वेव की चपेट की है। भीषण गर्मी और लू की वजह से अचानक अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है वहीं पिछले नौ दिनों में 128 लोगों की मौत से भी हड़कंप मचा हुआ है, हालांकि इन मौतों की सटीक वजह की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन राज्य में हालात को देखते हुए सीएम योगी ने तत्काल अधिकारियों को आम लोगों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

सीएम योगी ने सभी जगहों पर बिजली और पर्याप्त पानी मुहैया कराने को कहा और निर्देश दिए कि कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न की जाए। वहीं आयुक्त कार्यालय के स्तर से मौसम पूवार्नुमान का



दैनिक बुलेटिन जारी करने के भी निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को पहले से दिन के मौसम की जानकारी मिल सके। प्राणि उद्यानों या अभयारण्यों में जानवरों के लिए हीट वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन, उनके चारे और पानी की उचित व्यवस्था के आदेश दिए गए हैं। गोशालाओं में पशुधन के चारे और पानी की उचित व्यवस्था की जाए।

### यूपी में भीषण गर्मी का प्रकोप

यूपी में पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप देखा जा रहा है, जिसकी वजह से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ऐसी स्थिति में आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाने के निर्देश दिए गए हैं और अस्पतालों को भी अलर्ट रहने को कहा गया है। गर्मी की वजह से बीमारी की स्थिति में हर किसी को मेडिकल सुविधा मिले इसके भी इंतजाम किए जाए। बैठक में मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा, अपर मुख्य सचिव वन आदि उपस्थिति रहे।

### सभी सरकारी अस्पतालों में जरूरत के हिसाब से बेड आरक्षित करें: डिप्टी सीएम

उप्र के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी जिलों के सीएमओ और अस्पतालों के सीएमएस को निर्देश दिया कि गर्मी से होने वाली बीमारियों से पीड़ितों के उपचार के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। सभी सरकारी अस्पतालों में जरूरत के हिसाब से बेड आरक्षित किये जाएं। इमरजेंसी में तीन से चार बेड ऐसे मरीजों के लिए आरक्षित करें ताकि रोगियों को उपचार के लिए इंतजार न करना पड़े। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में डायरिया, उल्टी, बुखार, पेट दर्द समेत दूसरी समस्याओं से पीड़ितों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। लक्षणों के आधार पर रोगियों को अलग वार्ड में भर्ती किया जाये। इसके लिए प्रत्येक अस्पताल की इमरजेंसी में बेड आरक्षित हों। साथ ही 10 से 15 बेड का अलग वार्ड बनाया जाए ताकि मरीजों की निगरानी ठीक से हो सके। आईसीयू में भी कम से कम दो बेड रिजर्व रखें। ग्लूकोज, उल्टी, पेट दर्द, गैस संबंधित बीमारियों के उपचार की दवाओं का स्टॉक जुटा लें। सभी अस्पतालों में रोगियों को गर्मी से बचाव का इंतजाम करें। पंखे, कूलर, एयर कंडीशन आदि की व्यवस्था दुरुस्त रखें। वॉटर कूलर पर्याप्त मात्रा में लगाए जाएं। ताकि रोगियों को ठंडे व स्वच्छ पानी के लिए परेशान न होना पड़े।

डिप्टी सीएम ने कहा कि बलिया प्रकरण की जांच कराई जा रही है। विशेषज्ञों की टीम विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रही हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे के कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार के कृषि मंत्री बोले... जरूरत पड़ी तो पूरा खजाना किसानों के लिए खोल दिया जाएगा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के कृषि मंत्री कुमार सर्वजीत ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि किसान हमारे लिए भगवान हैं। सरकार का पूरा खजाना किसानों के लिए है। 600 करोड़ की सब्सिडी पिछली बार दी गई थी और अब जरूरत पड़ेगा तो पूरा खजाना किसानों के लिए खोल दिया जाएगा। कुमार सर्वजीत ने कहा कि 1000 किसानों को गया में बुलाया गया था, उनकी मन की बात को सुना, जबकि देश मे अपने मन की बात कही जाती है। किसानों को पूरी तरह से सहयोग किया जाएगा।



प्रखंड तक बीज पहुंचाया जा रहा है। 20-25% तक बीज का वितरण हो गया है। हमारे साइंटिस्ट लगातार किसानों के संपर्क में हैं, उनसे बात हो रही है। उनकी समस्या को सुन रहे हैं और समाधान भी हो रहा है।

### खाद की कमी के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार

कृषि मंत्री ने कहा कि मौसम विभाग से लगातार बात हो रही है। हमलोग सब कुछ के लिए तैयार हैं। किसानों को खाद उचित मात्रा पर नहीं मिल पा रहा और इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। अभी बीज को लेकर काम हो रहा है। आगे खाद की भी पूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि सुखाड़ होगा तो एक एक किसान को डीजल सब्सिडी दी जाएगी, जो भी निर्णय होगा, हर निर्णय में कृषि विभाग किसानों के साथ खड़ा रहेगा।







## श्रीरामकथा पर आधारित फिल्म आदिपुरुष की हर तरफ हो रही आलोचना

# संतों की अपील... आदिपुरुष देखकर पाप के भागीदार न बनें

**एजेंसी/लखनऊ**

श्रीरामकथा पर आधारित प्रभास व कृति सेनन अभिनीत फिल्म आदिपुरुष के विवादित संवादों को लेकर साधु-संतों में खासी नाराजगी है। संतों ने इस फिल्म पर तत्काल बैन लगाने की मांग की है। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि कहा कि यदि हिंदू देवी-देवताओं का अपमान ऐसे ही होता रहा तो हमें मजबूर होकर सड़कों पर उतरना होगा। कहा कि फिल्म देखकर खून खौल उठता है। महंत कमलनयन ने दर्शकों से अपील भी करते हुए कहा कि फिल्म देखकर पाप के भागीदार न बनें।

**रालोद ने भी की प्रतिबंध लगाने की मांग :** राष्ट्रीय लोकदल ने फिल्म आदिपुरुष को अमर्यादित बताते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसके लिए पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के



प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि फिल्म निमार्ताओं ने इस फिल्म को रामायण पर आधारित बताया है लेकिन इसका कोई भी किरदार धर्म ग्रंथों की मयार्दाओं के अनुसार नहीं है। फिल्म में अमर्यादित और फूहड़ भाषा का इस्तेमाल किया गया है। फिल्म में ऐसे डायलॉग हैं, जो सनातन आस्था और सनातन प्रेमियों के हृदय को ठेस पहुंचाते हैं। फिल्म में दर्शाए गए रामायण के सभी पात्र रामायण की कहानी के बिल्कुल उलट है। यह सनातन धर्म ग्रंथों और हमारी संस्कृति पर कुठाराघात है। यह भगवान श्रीराम के चरित्र को धूमिल करने और हमारी संस्कृति को मिटाने का एक गहरा षड्यंत्र है। तत्काल इस फिल्म को बैन किया जाए।

### अखिलेश यादव बोले... क्या सेंसरबोर्ड धृतराष्ट्र बन गया है



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फिल्म आदिपुरुष को लेकर मचे विवाद पर तल्ख टिप्पणी की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि एजेंडेवाली मनमानी फिल्में बनाने वालों को सेंसरबोर्ड का प्रमाणपत्र देने से पहले, उनके ह्यराजनीतिक-चरित्रह्न का प्रमाणपत्र देखना चाहिए। अखिलेश यादव ने सोमवार को ट्वीट कर सेंसरबोर्ड पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने फिल्म आदिपुरुष को लेकर को सोशल मीडिया पर हो रही तीखी आलोचना पर कहा कि जो राजनीतिक आकाओं के पैसों से, एजेंडेवाली मनमानी फिल्में बनाकर लोगों की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, उनकी फिल्मों को सेंसरबोर्ड का प्रमाणपत्र देने से पहले, उनके राजनीतिक-चरित्र का प्रमाणपत्र देखना चाहिए। क्या सेंसरबोर्ड धृतराष्ट्र बन गया है?

केशव टाइम्स

बक्सर, 20 जून 2023




जीयर स्वामी

जान बूझकर किये गए पाप का प्रायश्चित नहीं होता, अच्छे कर्म करें।



## खबरें फटाफट

### शराब पीने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चौराई गांव में रविवार की रात छर्रा लगने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार छर्रा से जख्मी युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चौराई गांव निवासी हाकिम राम का 20 वर्षीय बेटा उमेश राम है। बताया जा रहा है कि रविवार की रात चौराई गांव में शराब पीने को लेकर दो पक्षों के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू कर दी। उसी बीच मारपीट के दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गई। जिसमें फायरिंग के दौरान छर्रा लगने से उमेश राम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। हालांकि घटना का कारण एवं फायरिंग किसने की यह पूरी तरह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### भाकपा-माले का कार्यकर्ता कन्वेंशन सम्पन्न

**जहानाबाद।** बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ का भाकपा-माले जिला कार्यालय में कार्यकर्ता कन्वेंशन सम्पन्न हुआ। इस बैठक में महिला संगठन, ऐपवा के राज्य सचिव कामरेड शशि यादव, घोसी विधायक कामरेड रामबली, सिंह यादव आशा कार्यकर्ता संघ के जिला सचिव कामरेड सुनिता भारती वही ऐपवा के जहानाबाद जिला सचिव कामरेड रेणु देवी आदि ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य विषय है कि 22 जून को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रदर्शन, नारेबाजी और चार जुलाई को सभी सिविल सर्जनों के समक्ष प्रदर्शन, नारेबाजी तथा 12 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्ञाय लिया गया है। नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि आशा कार्यकर्ता संघ का कार्यक्रम और 12 जुलाई को अनिश्चितकालीन हड़ताल को ऐतिहासिक बनाया जाएगा और केन्द्र की मोदी सरकार को आंदोलन के जरीए मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

# तैयारी: गर्मी एवं लू से पीड़ित व्यक्ति को उपलब्ध होगी समुचित चिकित्सीय देखभाल

**केटी न्यूज/बक्सर**

- गर्मी एवं लू से पीड़ित लोगों के उपचार के लिए रहेगा डेडिकेटेड वार्ड
- सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र जारी कर दिए निर्देश

भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है। अत्यधिक गर्मी एवं इससे उत्पन्न लू से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर सकता है। स्वास्थ्य विभाग स्थिति को ध्यान में रखते हुए अपने स्तर से सभी तैयारी करने में जुटा है। ऐसे मौसम में छोटे तथा स्कूली बच्चों, बुजुर्ग एवं गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को घर से बाहर निकलने पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के सभी सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों को पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। इस बाबत सचिव सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने सिविल सर्जन को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं।

जारी पत्र में बताया गया है कि गर्मी एवं लू से पीड़ित लोगों के चिकित्सीय प्रबंधन के लिए समुचित संख्या में बेड के साथ डेडिकेटेड वार्ड बनाया जाये। उक्त वार्ड में रोस्टर के अनुसार 24 घंटे चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। लू से पीड़ित व्यक्तियों का हार्ट रेट, श्वशन रेट, रक्तचाप, मानसिक स्थिति आदि की लगातार निगरानी की जाये। लू से ग्रसित गंभीर मरीजों का ब्लड काउंट, इलेक्ट्रोलाइट, ईसीजी, लीवर, किडनी आदि की जांच करने की समुचित व्यवस्था की जाये।



### स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों के साथ उनके परिजनों का भी रखा जायेगा ख्याल

जारी पत्र के अनुसार सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, रौशनी का प्रबंध, पंखा/कूलर, शुद्ध पेयजल तथा अन्य जन-सुविधाओं की व्यवस्था निश्चित रूप से की जाये। गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों के सामान्य वार्ड में एसी/कूलर, पंखा आदि को क्रियाशील अवस्था में रखना सुनिश्चित किया जाये। जिला प्रशासन के स्तर पर निर्धारित हीट वेव एक्शन प्लान के तहत भी सनस्ट्रोक से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग के जिलास्तरीय पदाधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया जाये।

**औषधियों की उपलब्धता की जाएगी सुनिश्चितः** जारी पत्र के अनुसार सभी सरकारी अस्पतालों में दस्त एवं अतिसार से संबंधित सभी जरुरी दवाओं, ओआरएस आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाये। साथ ही सभी एम्बुलेंस में एसी की क्रियाशीलता, ऑक्सीजन एवं आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की समीक्षा सिविल सर्जन के स्तर पर सभी एम्बुलेंस को 24 घंटा अलर्ट मोड में रखा जाए।

**जन जागरूकता के लिए होगा प्रचार-प्रसारः** जारी पत्र के अनुसार लू से बचाव के उपाय की जानकारी जनमानस को उपलब्ध कराने के लिए जिलास्तरीय आपदा प्रबंधन शाखा समंवय कर प्रचार-प्रसार कराया जाये। साथ ही ह्लक्या करें, क्या न करेंह्व को जिला स्तर पर पग्रुकता कार्यक्रम आयोजित कर इसे जनमानस के बीच प्रचारित किया जाए।

## चोरी का आरोप लगाकर की पिटाई, जखमी हालत में घर जाने के दौरान हुई मौत

# सांसद बृजभूषण के इलाके के टोलकर्मी को हरियाणा के बाउंसर्स ने पीट-पीटकर मार डाला

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कोइलवर थाना अंतर्गत एनएच-922 फोरलेन स्थित कुल्हड़िया टोल प्लाजा के बाउंसर्स ने बीते शुक्रवार को एक टोलकर्मी की बुरी तरह पीटा। पिटाई के दौरान उसे अंदुरुनी चोट भी आई। जिससे वह इतनी बुरी तरह से जख्मी हो गया कि घर जाने के दौरान रास्ते में ट्रेन में ही उसकी मौत हो गई। हालांकि, परिजनों को इसकी जानकारी नहीं थी कि उसकी मौत कैसे हुई। लेकिन, जब वो उसके अंतिम संस्कार के लि ले जा रहे थे, तब उन्हें उनके बेटे की पिटाई का वीडियो उन तक पहुंचा।

जिसके बाद मामला गर्म हो गया। बताया जाता है कि बीते दिन जिला समेत राज्य के कई जिलों में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें हरियाणा के कुछ बाउंसर्स एक टोल कर्मी को बुरी तरह से पीट रहे थे। जिस युवक क पिटाई हो रही थी वो उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के तहत आने वाले कटरा बाजार थाने के मनकापुर निवासी सूर्य नारायण सिंह का बेटा बलवंत सिंह बताया जा रहा है। जो एनएचएआई के नवनिर्मित कुल्हड़िया टोल प्लाजा पर सुपरवाइजर था। बाउंसर्स उसपर 50 रुपए की चोरी का आरोप लगाते हुए लगातार डंडे, लात घूंसे से मार रहे थे। इस दौरान बलवंत उनसे छोड़ने की गुहार भी लगा रहा था, लेकिन उन्हें दया नहीं आई और वो उसे बेहोश होने तक पीटते रहे। बाउंसर्स ने बलवंत को जख्मी हालत में ट्रेन में फेंक बैठा दिया। लेकिन उसकी हालत बहुत नाजुक थी। जिससे वो मानकपुर स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचते ही वह गिर पड़ा। रेलवे सुरक्षा बल ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां आधे घंटे इलाज के बाद उसकी मौत हो गई।



- मृतक के पिता ने लगाया हत्या का आरोप, कहा-चार दिन पहले हुआ था झगड़ा, सांसद का पक्ष लेने पर बाउंसर्स थे नाराज

**प्लानिंग के तहत लगाया चोरी का आरोप :** यूपी के गोंडा में मृतक के पिता सूर्यनारायण शरण सिंह ने बताया कि यह टोल प्लाजा हरियाणा की रणछोड़ इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का है। इस कारण टोल प्लाजा पर मैनेजर समेत कई कर्मचारी हरियाणा राज्य के थे। जो अक्सर सांसद बृजभूषण सिंह का क्षेत्रवासी होने को लेकर बलवंत से बहस करते थे। बलवंत भी उनका जवाब देता था। सूर्यनारायण ने बताया कि चार-पांच दिन पहले बलवंत और बाउंसर्स के बीच हरियाण के पहलवानों को लेकर विवाद हुआ था। बलवंत ने उन्हें इसके बारे में बताया था। उन लोगों ने पूरी प्लानिंग के तहत चोरी का आरोप लगाया और मारपीट की। वहीं, दूसरी ओर टोलकर्मी दबी जुबान से यह भी कह रहे हैं कि आम दिन में राजनीतिक बात होती थी तो बलवंत अपने क्षेत्र के सांसद और सजातीय नेता बृज भूषण सिंह का पक्ष लेता था। इसी वजह से हरियाणा के रहने वाले बाउंसर उससे नाराज रहते थे। बलवंत सिंह पर पैसा चोरी करने का आरोप लगने के बाद मानो उनको खुन्नस निकालने का बहाना मिल गया था और फिर बलवंत की जान लेकर माने।

**मौत के बाद फरार हो गए टोल कर्मी और बाउंसर्स :** टोल कर्मियों की लापरवाही के कारण लगभग हर दिन विवाद होते रहता है। टोल कंपनी ने दबंग टाइप कुछ स्थानीय लड़कों को भी रखा है। जो वाहन चालकों से अक्सर मारपीट करते रहते हैं। पिछले दिनों जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के एक अधिकारी ने भी टोल प्लाजा पर वाहन चालकों के साथ अक्सर बदतमीजी से पेश आने की शिकायत की थी। हालांकि, बलवंत की मौत की सूचना मिलने के बाद सभी बाउंसर्स और कर्मी वहां से फरार हो गए हैं। लेकिन, पुलिस सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई में जुट गई है।

**भोजपुर और गोंडा जिले की पुलिस कर रही है कार्रवाई :** मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी प्रमोद कुमार ने बताया, इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक टोल प्लाजा के कर्मचारी को वहां का स्टाफ ही संभवत चोरी के आरोप में मारते पीटते दिख रहा है। इस संबंध में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष को निर्देशित कर दिया गया है। साथ ही, गोंड़ा जिले के एसपी से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई की जा रही है। यूपी पुलिस की जांच में छह लड़कों का नाम सामने आया है. इसमें हरियाणा के रोहतक के रहने वाले अभिमन्यु शर्मा, सुनील जाखड़, सुमित, विक्रम कौशिक समेत यूपी के रहने वाले ज्ञानेंद्र सिंह और सागर गोलू की संलिप्तता की बात सामने आ रही है।

## एक नजर

### लू लगने के कारण बक्सर की अधेड़ महिला की इलाज के दौरान आरा में मौत

**आरा।** बिहार में गर्मी का पारा अपने चरण सीमा को पार करते हुए नजर आ रहा है। हीट वेव का सिलसिला इतनी तेजी से बढ़ रहा है। जिसके कारण लगातार अधेड़ एवं बुजुर्ग लोगों की मौत होती जा रही है। हर करीब आधा दर्जन लोग हीट वेव का शिकार होते जा रहे हैं। ताजा बक्सर जिला के बगेन गोला थाना क्षेत्र के मनकी गांव की है। जहां रविवार की शाम अचानक तबीयत बिगड़ने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। जानकारी के अनुसार मृतका बक्सर जिला के बगेन गोला थाना क्षेत्र के मनकी गांव निवासी सजन चौधरी की 50 वर्षीया पत्नी लक्ष्मीनिया देवी है। वही परिजन द्वारा लू-लगने के कारण मौत होने की बात कही जा रही है। इधर मृतका के बेटे रोशन कुमार ने बताया कि उसकी मां की पांच दिनों से तबीयत काफी खराब थी उन्हें तेज बुखार था। उनका इलाज गांव के ही ग्रामीण चिकित्सक से कराया जा रहा था। रविवार कि सुबह उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान रविवार की शाम इमरजेंसी वार्ड में उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके पश्चात परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए वापस गांव ले गए। वहीं दूसरी और मृतका के बेटे रोशन कुमार ने लू-लगने के कारण अपनी मां की मौत होने की आशंका जताई है। बताया जाता है कि मृतका को सिर्फ एक पुत्र रोशन कुमार है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### मोटरसाइकिल एजेंसी का शटर काट चोरों ने की लाखों रुपये की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र में बीती रात पटना गया राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मखदुमपुर बाजार के शिवा हीरो मोटरसाकिल एजेंसी में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। अज्ञात चोरों ने एजेंसी में रखे लैपटॉप, बैटरी, इन्वर्टर, नगद राशि समेत कई सामानों की चोरी कर लिया है। इस बाबत एजेंसी संचालक भीम कुमार ने बताया कि हर दिन के भांति रविवार की रात भी एजेंसी बंद कर घर चले गए थे वही सोमवार को काम करने वाले कर्मी जब एजेंसी खोलने पहुँचे तो शटर टूटा हुआ पाया एवं अंदर का शीशा तोड़ा हुआ दिखा, तब पूरे घटना की सूचना मखदुमपुर थाने की पुलिस को दी गई, जिसके बाद घटना की सूचना पाकर मौके पर मखदुमपुर थाने की पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि पुलिस एजेंसी में लगे सीसीटीवी फुटेज के फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही चोर पुलिस के गिरफ्त में होगा। बताते चलें कि मखदुमपुर बाजार में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। प्रत्येक सप्ताह किसी दुकान या मकान में अज्ञात चोर घटना को अंजाम दे रहे हैं। जिससे व्यवसायियों में डर एवं दहशत का माहौल कायम है। वही थानाध्यक्ष ने बताया के पूरे मामले की जांच की जा रही है कितने पैसे की चोरी हुई है। जो अबतक साफ नहीं हो सका है।



### जेईई एडवांस में भी मानस विद्यालय के छात्रों का जलवा रहा कायम, किया गया सम्मानित

**जहानाबाद।** लोग अक्सर शिकायत करते हैं कि उन्हे दिन के 24 घंटे कम पड़ते हैं। कई दफा आप सोचते हैं कि काश दिन में कुछ घंटे और जुड़ जाते। मेरी सोच थोड़ी अलग है। मुझे लगता है कि 24 घंटे पर्याप्त वक्त है। दिक्कत केवल समय को व्यवस्थित करने की है। इतने समय में आप आसानी से खेल सकते हैं, पढ़ सकते हैं, आराम कर सकते हैं और सामाजिकता का भी निर्वहन कर सकते है। सिर्फ समय की इज्जत कीजिए उसे बर्बाद नही होने दीजिए। उक्त बातें मानस ग्रुप के संस्थापक डॉ. नवल किशोर ने जेईई एडवांस में चयनित दो बच्चों, उनके अभिभावक एवम शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा। गौरतलब है कि चयनित दोनों छात्र की पृष्ठभूमि साधारण ही है। दोनो के अभिभावक साधारण किसान हैं। दोनो छात्र शुरू से ही मेधावी रहे हैं इसी कारण इनको एनटीएसई द्वारा हर वर्ष छात्रवृति भी मिलता है और साथ ही दोनो इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में भी चयनित हैं। निदेशक अभिषेक आनंद ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों के संबोधन में बताया कि यह काबिले तारीफ है कि पिछले वर्ष हमारे संस्थान से चार छात्रों ने जेईई एडवांस क्रैक किया था उस जुनून को बरकरार रखते हुए इस वर्ष भी दो छात्रों का चयन होना निश्चित रूप से विद्यालय के लिए गौरव की बात है। छात्रगण ताउम्र ये बातें अपने जेहन में रखेंगे। जीवन में कुछ मूल्य,एक आदर्श जरूर होना चाहिए। यही जिंदगी को दिशा देते हैं और आखिर तक साथ नही छोड़ते है। प्राचार्य अजय कुमार ने उपस्थित छात्रों का हौसलाफजाई करते हुए आगे उनके तरक्की और उन्नति की शुभकामनाएं प्रदान की और कहा कि समय की खूबसूरती ही यह है कि वह हमेशा ही अच्छा होता है। अन्य उपस्थित शिक्षकागण में राजीव नयन, रामजी कुमार, प्रभात रंजन, लवकुश कुमार, श्री राम शर्मा, शशि कुमार, नागेन्द्र कुमार एवम अन्य ने इन छात्रों को सहदय आशीर्वाद देते हुए इनके लिए मंगल कामना की।



## एनएससीपी की मदद से पुलिस ने रिकवर कराए रिटायर सैनिक के 15 लाख रुपए

**आरा।** ऑनलाइन फ्रॉड पर रोक लगाने में जुटी भोजपुर की साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। साइबर पुलिस द्वारा रिटायर सैनिक से ठगी की गयी बड़ी रकम रिकवर करा दी गयी है। साइबर अपराधियों द्वारा बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर नेवी से रिटायर सैनिक से 19.90 लाख की ठगी की गयी। उसमें पुलिस द्वारा 14.90 लाख रुपए उनके खाते में रिकवर करा दी गई है। शेष राशि भी रिकवर कराने की प्रक्रिया चल रही है।

फ्रॉड की यह घटना नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर निवासी मनोज शर्मा के साथ जनवरी माह में हुई थी। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि छह/सात जनवरी को बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर पूर्व सैनिक मनोज शर्मा के खाते से 19.90 लाख की ठगी की गयी थी। सैनिक की ओर से उसी दिन पुलिस अधीक्षक जरिए घटना की जानकारी साइबर थाना (पहले की सीसीएसएमयू) को दी गयी। तब सीसीएसएमयू द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल (एनएससीपी) पर शिकायत दर्ज करायी गयी। उसके बाद नवादा थाने में केस दर्ज करते हुए तफ्तीश शुरू की गयी। जांच के क्रम में पैसे विभिन्न खातों में भेजे जाने की जानकारी मिली। तब टीम द्वारा तत्काल ठगी किये गये रकम को होल्ड करावाया गया। उसके बाद विभिन्न बैंकों में होल्ड पैसे में 14.90 लाख रुपए सैनिक के खाते में रिकवर करा दिया गया। उन्होंने बताया कि शेष रकम भी रिकवर कराने का प्रयास किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि फ्रॉड करने वालों की पहचान के लिए अनुसंधान की जा रही है। इस पूरे केस में आईओ नागेंद्र कुमार और सीसीएसएमयू रितेश और मनीष सहित अन्य कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही है।

# भोजपुर में जमीन के विवाद में अधेड़ महिला को पीट-पीटकर मार डाला

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव में जमीनी विवाद में रविवार को एक अधेड़ महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इलाज के दौरान रविवार की रात उन्होंने घर पर ही दम तोड़ दिया। वही मारपीट के दौरान मृतका के पति व चचेरे देवर जख्मी हो गए। मृतका बड़हरा थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव निवासी दूधनाथ राय की 45 वर्षीया पत्नी सरस्वती देवी उर्फ सुरती देवी है। इधर मृतका के पति दूधनाथ राय ने बताया कि उनके पट्टीदार हरी शंकर राय से 10 धुर जमीन को लेकर कुछ दिनों से विवाद चला आ रहा है। रविवार की सुबह उसे विवाद में एक बार फिर तूल पकड़ लिया। जिसको लेकर उनके पट्टीदार हरी शंकर राय अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उनके घर पर आर धमके और कहने लगे कि मैं तुम्हें जमीन नहीं दूंगा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तू-तू-मैं-मैं हुई। जिसके बाद उन लोगों द्वारा सभी लोगों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई। मारपीट के दौरान उनकी पत्नी सरस्वती देवी उर्फ सुरती देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई और इलाज के दौरान उन्होंने घर पर ही दम तोड़ दिया। जबकि दूधनाथ राय एवं उनका चचेरा भाई व मृतका का चचेरा देवर नारद राय भी जख्मी हो गए। जिसके बाद नारद राय का इलाज आरा सदर एवं जख्मी दूधनाथ राय का इलाज स्थानीय पीएचसी में कराया गया। वहीं दूसरी ओर मृतका के पति दूधनाथ राय ने अपने पट्टीदार के ही हरीशंकर राय एवं उनके साथ रहे अन्य लोगों पर लाठी-डंडों से अपनी पत्नी को पीट-पीटकर उसे मारने एवं खुद को व उनके चचेरे भाई को पीटने से जख्मी करने का आरोप लगाया है। वही पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत मारपीट में जख्मी होने के कारण मृतका का मौत होना बताया गया है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतका को दो पुत्री राजकुमारी देवी एवं शैल कुमारी देवी है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## कालाजार प्रभावित गांव में घर-घर चलेगा कालाजार रोगी खोज अभियान, आशा कार्यकताओं को मिली जिम्मेदारी

# 20 जून से डोर टू डोर भ्रमण कर कालाजार मरीजों की होगी खोज

**केटी न्यूज/छपरा**

जिले में सात दिवसीय कालाजार मरीजों की खोज अभियान का शुभारंभ आगामी 20 जून से शुरू होने वाला है। इस अभियान में विशेष रूप से आशा कार्यकर्ता डोर टू डोर भ्रमण कर कालाजार के संभावित मरीजों की खोज करेंगी। क्षेत्र भ्रमण के दौरान आशा कार्यकर्ता 15 दिन या इससे अधिक समय से बुखार पीड़ित वैसे मरीज जिनका बुखार मलेरिया व एंटीबायोटिक दवाओं के सेवन के बावजूद ठीक नहीं हुआ हो वैसे लोगों को कालाजार बीमारी से संबंधित जांच के लिए प्रेरित करने का काम करेंगी। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अपर निदेशक सह एसपीओ डॉ अशोक कुमार ने पत्र जारी कर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है।



कालाजार प्रभावित गांवों में आगामी 20 जून से डोर टू डोर भ्रमण कर मरीजों की खोज होनी है। जिसके लिए आशा कार्यकताओं के प्रशिक्षण से लेकर अभियान के सफल संचालन तक का गाइडलाइन जारी किया गया है। जिसमें प्रचार प्रसार के लिए माइकिंग, बैनर पोस्टर के अलावा फ्लैक्स के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया है। कालाजार लक्षण वाले मरीजों की सरकारी अस्पतालों में आरके-39 किट के द्वारा जांच की जाएगी। वहीं जिन लोगों का पूर्व में कालाजार का इलाज हो चुका हो या उनमें बुखार के साथ कालाजार के लक्षण दिखाई पड़े तो उनकी बोन मैरो व स्पीलिन एस्पिरेशन जांच के लिए सदर अस्पताल में रेफर किया जाएगा।

**कालाजारे को जड़ से खत्म करने में ग्रामीण चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिकाः** डीएमओ डॉ दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि कालाजार रोग को पूर्णतः खत्म करने को लेकर विभागीय स्तर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए ग्रामीण चिकित्सकों द्वारा संभावित मरीजों को जांच के लिए सरकारी अस्पताल भेजे जाने एवं व्यक्ति में रोग की पुष्टि होने पर उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में 500 रुपये देने का प्रावधान है। क्योंकि कालाजार उन्मूलन में ग्रामीण इलाकों में कार्य करने वाले ग्रामीण चिकित्सकों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है। आगे उन्होंने यह भी बताया कि कालाजार मरीजों के इलाज की सुविधा जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है। मरीजों को सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने पर श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में सरकार द्वारा 7100 रुपये की राशि दी जाती है। पोस्ट कालाजार डर्मल लीशमैनियासिस (पीकेडीएल) के मरीजों को पूर्ण उपचार के बाद सरकार द्वारा 4000 रुपये श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में दिया जाता है।

## खबरें फटाफट

### जमीन विवाद में गर्भवती की पिटाई

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव के वार्ड 9 की रहने वाली सविता देवी ने रविन्द्र कुमार, उनकी पत्नी अल्पना देवी तथा पुत्रियों पुतुल कुमारी और गुड़िया कुमारी पर मारपीट करने तथा सोने का चेन और मंगलसूत्र छिनने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में सविता ने बताया है कि वह पांच महीने की गर्भवती है। रविन्द्र कुमार तथा उनकी पत्नी व बच्चिंं अचानक मेरे दरवाजे पर आकर मारपीट किए तथा बीच बचाव करने आए मेरे पति ओमप्रकाश को भी पिटा गया। पड़ोसियों के आने के बाद किसी तरह हमलोगों की जान बची। पीड़िता की माने तो जाते जाते रविन्द्र ने जान से मारने की धमकी भी दिया है। वही सूत्रों की मानें तो मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया यह जमीन से जुड़ा आपसी विवाद लग रहा है।

### रास्ते में घेरकर युवक की पिटाई, पांच पर केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित पीड़ियां गांव के शिव मंदिर के समीप रास्ते में घेरकर एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ियां गांव निवासी विजय कुमार ओझा ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मेरा बेटा पवन कुमार डुमरांव बाजार खरीदारी करने जा रहा था। रास्ते में शिव मंदिर के पास पहुंचा तो पहले से बैठे भोलू ओझा, बिट्टू ओझा, राहुल ओझा, विकास, मुन्ना ने गाली-गलौज करते हुए बाइक रोकने का इसारा किया। बाइक रोकते ही आरोपितों ने पिटाई कर दी, जिससे पवन अचेत हो गया। राहगीरों की मदद से उसे अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए बक्सर रेफर कर दिया. थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### 10 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी के अमरपुरी हाता में पुलिस ने छापेमारी कर 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर गांव के कस्तूरी मनोज है। जो अपने घर के पास शराब बेचने का काम किया करता था। सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना पुलिस को मिली थी कि उक्त गांव में महुआ शराब की बिक्री हो रही है। सूचना पर पुलिस ने चिन्हित स्थान पर छापेमारी किया। छापेमारी में पुलिस को एक गैलेन बरामद किया। गैलेन को पुलिस ने खोलकर देखा तो उसमें 10 लीटर महुआ शराब था। शराब बरामद होने के बाद मौके से तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर सोमवार को उसे जेल भेज दिया।

# वाशिंग मशीन और सोफा सेट के लिए दहेजलोभियों ने विवाहिता को मार डाला

- ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव में विवाहिता की गला घोंटकर हत्या
- घटना को अंजाम देने के बाद ससुराल वाले फरार
- मृतक की सास को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



ब्रह्मपुर के निमेज में दहेज दानवों ने हाथों की मेहंदी सूखने के पहले ही एक नवविवाहिता की गला घोंट हत्या कर दी है। उसका कसूर बस इतना था कि उसके मायके वालों ने दहेज में एक अदद वाशिंग मशीन व सोफा सेट नहीं दिया था। घटना रविवार रात की है। घटना को अंजाम देने के बाद ससुराल वाले फरार हो गए हैं। मायके वालों की सूचना पर पुलिस उसकी सास को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। वहीं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

इधर मृतका के शव को कब्जे में ले पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। इस लोमहर्षक घटना की चर्चा पूरे दिन निमेज तथा उसके आस पास के गांवों में होते रही। पुलिस ने भी प्रथम दृष्टया यह माना है कि गला दबाकर हत्या की गई है। उसकी मौत की सूचना मिलने के बाद से ही मायके वालों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतका के मायके वालों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही दहेज में वाशिंग मशीन व सोफा सेट के लिए उसे प्रताड़ित किया जा रहा था और जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी। मायके वालों की मानें तो रविवार की रात किसी पड़ोसी ने फोन कर बताया कि आपकी बेटी की हत्या कर दी गई है। इस सूचना पर हमलोग रात में ही पहुंचे तो देखे कि बेटी अपने ससुराल वाले घर में मृत पड़ी है। उसके गले पर निशान भी है। जिससे गला दबाकर हत्या किए जाने की बात समझ में आ रही है। जबकि इस घटना को अंजाम देने के बाद रात में ही ससुराल वाले भाग गए हैं।

### साढ़े तीन महीना पहले हुई थी शादी

जानकारी के अनुसार कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियांव निवासी सुरेन्द्र प्रसाद की 19 वर्षीय बेटी कुसुम की शादी ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के निमेज गांव निवासी वशिष्ठ प्रजापति के पुत्र शक्ति प्रसाद के साथ 28 फरवरी 2023 को हुई थी। मृतक के पिता की मानें तो शादी के समय अपने सामर्थ्य के अनुरूप दान दहेज दिया था। सिर्फ एक वाशिंग मशीन व सोफा सेट की कमी रह गई थी। शादी के बाद से ही इन दोनों सामानों के लिए ससुराल में कुसुम को प्रताड़ित किया जा रहा था और मारपीट भी हो रही थी। कई बार इसके लिए पंचायती भी हुआ। लेकिन रविवार की रात ससुराल वालों ने गला दबा उसकी नृशंस हत्या कर दी है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद रात में ही ब्रह्मपुर पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। लेकिन आरोपी फरार हो गए थे।

### क्या कहते हैं थानाध्यक्ष

नवविवाहिता की हत्या के संबंध में ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना पर मामले की जांच की गई। प्रथम दृष्टया गला दबाकर हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दहेज में वाशिंग मशीन व सोफा सेट के लिए लड़की को प्रताड़ित करने की शिकायत की गई है।

## पानी के लिए मचा हाहाकार, आश्वासनों के घूंट से प्यास बुझा रहा प्रशासन

# भीषण गर्मी में पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे नावानगर के दर्जनों गांव

- मणियां के वार्ड नंबर 5 तो कड़सर के वार्ड एक एवं सात के घरों के चापाकलों से नहीं निकल रहा पानी
- मणियां में एक चापाकल से पानी के लिए पूरे दिन लगती है कतार
- दोनों गांव के इन वार्डों में नल जल योजना के जलमीनार सिर्फ बढ़ा रहे शोभा

**केटी न्यूज/नावानगर**

भीषण गर्मी के साथ ही नावानगर प्रखंड के दर्जनों गांवों में पानी की समस्या गंभीर होने लगी है। सरकारी स्तर पर भले ही हर घर नल का जल पहुंचाने की पहल की गई है, लेकिन यह धरातल से अधिक कागजों पर ही लोगों की प्यास बुझाते नजर आ रहा है। दिलचस्प तो यह है कि अधिकांश चापाकल बंद पड़े है तथा नल जल योजना भी फिसड्डी साबित हो रहा है। बावजूद इस भीषण गर्मी के मौसम में स्थानीय अधिकारी खराब पड़े चापानलों तथा मोटरों की मरम्मत के बजाय उदासीन बने हुए है। बता दें कि भीषण गर्मी व तापमान बढ़ने के साथ ही गांवों में पानी की समस्या होने लगी है।

यूं कहा जाए कि लोगों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। प्रखंड के सभी पंचायतों के अधिकतर वार्डों में नल जल योजना से जलमीनार होने के बाद भी लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। कई वार्डों में नल जल योजना के जलमीनार सिर्फ वार्ड की शोभा बढ़ा रहे है। इधर इस भीषण गर्मी में गांव के अधिकतर हैंडपंप हांफ रहे हैं। चापाकलों से एक बूंद नहीं टपक रहा है। ऐसे में जहां हाथी पांव चापाकल चालू हालत में है, वहां पर पानी के लिए पूरे दिन लोगों की लंबी कतार लगी रहती है। इसकी बानगी सोमवार को मणियां के वार्ड पांच तथा कड़सर के वार्ड एक एवं सात में देखी गई। जहां बूंद-बूंद पानी के लिए लोग अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। स्थिति ऐसी हो गई है कि पेयजल की समस्या को लेकर लोगों की रातों की नींद भी हराम हो गई है।



### बंद पड़ी है नल जल योजना से पानी सप्लाई

एक तरफ इस भीषण गर्मी से लोगों परेशान हैं। उपर से शुद्ध पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जबकि करोड़ों रुपए खर्च कर सरकार ने नल जल योजना के माध्यम हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने की पहल किया। पर अधिकतर इस योजना से बनी जलमीनार से पानी सप्लाई बंद पड़ी है। मणियां निवासी सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वकील सिंह यादव ने बताया कि वार्ड पांच में नल जल योजना का कार्य हुआ। पर आज तक पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। वही कड़सर के रामाकांत सिंह, दिनेश सिंह समेत अन्य ने बताया कि वार्ड एक एवं सात में दो माह से नल जल योजना के जलमीनार से पानी सप्लाई बंद है। साथ ही घर में लगे चापाकल से पानी नहीं गिर रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों वार्ड में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

### केसठ के ग्रामीणों ने बीडीओ से पेयजल संकट दूर करने की लगाई गुहार

**केसठ।** केसठ में पेयजल की समस्या विकराल होते जा रही है। भीषण गर्मी के बीच प्रखंड क्षेत्र में जारी पेजयल संकट से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। जबकि शासन प्रशासन बेफिक्र है। जिससे लोगों का आक्रोश बढ़ने लगा है। बता दें कि गर्मी शुरू होने के पहले ही तत्कालीन डीएम अमन समीर ने जिलेभर के चापानलों तथा जलापूर्ति के अन्य संसाधनों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया था। लेकिन उनके जाने के बाद यह निर्देश ठंडे बस्तें में चला गया। लिहाजा गर्मी के पिक पर आते ही यह समस्या काफी गंभीर हो गई है। इधर स्थानीय प्रशासन द्वारा पेयजल आपूर्ति को दुरूस्त करने के बजाय सिर्फ आश्वासनों का घुंट पिलाया जा रहा है। जिस कारण लोगों का हिम्मत अब जबाव देने लगा है। सोमवार को स्थानीय पंचायत के वार्ड 5 तथा 6 के विजय यादव, अवध बिहारी चौधरी, शिवजी उपाध्याय, दीनानाथ पाल सहित दर्जनों ग्रामीण बीडीओ से मिल पानी की समस्या से अवगत कराते हुए अविलंब निदान करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों द्वारा बीडीओ को दिए आवेदन में बताया गया है कि नल जल योजना के नल में पानी नहीं आ रहा है। वहीं मुहल्ले के अधिकतर हैंडपंप भी सूख गए हैं। इस सन्दर्भ में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा मिले शिकायत पर पीएचईडी जेई सुग्रीव कुमार को अविलंब वार्ड 5, 6 में पानी की समस्या को दूर करने का निर्देश दिया गया है।

## मामूली बात पर दुकानदार की पिटाई कर दुकान में तोड़फोड़

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र स्थित पकवा इनार चौक के डुमरी रोड पर सरेआम आरोपितों ने दुकान में तोड़फोड़ करते हुए एक दुकानदार की पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गये। दुकान जेनरल स्टोर की बतायी जाती है। इस मामले में पीड़ित दुकानदार नया भोजपुर के रहने वाले शैलेश कुमार जायसवाल ने चार लोगों के खिलाफ तोड़फोड़ कर पिटाई किये जाने का आरोप लगाते हुए नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि जेनरल स्टोर का दुकान मेरी जीविका का साधन है। मैं दुकान पर बैठा था। इसी दौरान छोटेलाल कुशवाहा, सुजीत कुशवाहा, नीरज व धीरज आदि लोग लाठी-डंडे से लैस होकर आ धमके और मुझे दुकान से बाहर खींचकर मारने-पीटने लगे। जब मैं घायल हो गया तो मेरी दुकान पर तोड़फोड़ कर कई सामानों को बर्बाद कर दिया और जाते-जाते 35 हजार नगद रुपये भी लेकर चलते बने। तोड़फोड़ में 15 हजार रुपयों का सामान बर्बाद हुआ है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि मामला आपसी विवाद का है। पुलिस पीड़ित के आवेदन पर अनुसंधान शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## ट्रक चालक ने खनन पदाधिकारी पर 50 हजार रूपए घूस मांगने का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/बक्सर**

एक ट्रक चालक ने जिला खनन पदाधिकारी श्रेयांश तिवारी पर ट्रक छोड़ने के लिए 50 हजार रूपए घूस मांगने का आरोप लगाया है। उसने यहां तक कहा है कि 20 हजार रूपए उनके पे फोन पर डाला हूं तथा 30 हजार नगद दिया गया है। बावजूद उसका ट्रक नहीं छूटा तथा और 50 हजार की डिमांड हो रही है। आरोप लगाने वाला ट्रक चालक रामअशिष सिंह गाजीपुर जिले के दिलदारनगर थाना क्षेत्र के फूली गांव का रहने वाला है।

उसने राजपुर पुलिस व बक्सर एसपी को आवेदन दे बताया है कि वह 12 चक्का ट्रक संख्या यूपी 61टी 1785 का चालक है, यह ट्रक रविशंकर राय की है तथा इसकी देखरेख उनके भाई गंगाफल राय करते है। उसने बताया है कि वह 14 जून को औरंगाबाद के दाउदनगर बालू घाट से अंडरवेट बालू लेकर चौसा प्रखंड के रामपुर गांव स्थित राजेश कुमार राय के यहां आ रहा था। लेकिन रामपुर देवल मोड़ के पास खनन निरीक्षक आकाश कुमार 4-5 सिपाहियों के साथ उसकी गाड़ी रूकवा उसे देवल पुल के पास तक ले गए और कहे कि तुम बिना चलान यूपी में बालू लेकर जा रहे हो, तुम्हारी ट्रक जब्त कर ली गई है। इसके बाद वे लोग ट्रक को लेकर बक्सर बाजार समिति चले गए। मैने फोन से इसकी सूचना मालिक के भाई को दी। वे मेरे साथ अगले दिन से 16 जून तक बाजार समिति का दौड़ लगाते रहे, लेकिन कोई अधिकारी नहीं मिला। 17 जून को समाहरणालय में जिला खनन पदाधिकारी श्रेयांश तिवारी से मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि ट्रक पर 2 लाख 35 हजार रूपए का जुर्माना लगा है। उन्होंने कहा कि जिन पांच ट्रकों को जब्त किया गया था उनमें से एक ट्रक को हमलोग मैनेज कर छोड़ दिए है। तुम भी 50 हजार रूपए देकर ट्रक ले जा सकते हो। चालक ने बताया कि उनके मजबूर करने पर ट्रक मालिक ने उनके पे फोन नंबर जो सरिता तिवारी के नाम से था 20 हजार रूपए ट्रांसफर किए तथा 30 हजार रूपए नगद दिए। लेकिन इसके बाद भी वे मेरा ट्रक नहीं छोड़े। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

## भारत जोड़ो यात्रा निकाल युवा कांग्रेस ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन, रामेश्वर मंदिर से निकली भारत जोड़ो यात्रा

# कांग्रेस देश को जोड़ रही है तो भाजपा तोड़ने की रच रही साजिश : विधायक

**केटी न्यूज/बक्सर**

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को युवा कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा निकाला। यह यात्रा बक्सर के ऐतिहासिक रामेश्वर मंदिर से शुरू होकर बक्सर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंच संपन्न हुआ। पदयात्रा में हजारों युवाओं और वरिष्ठ कांग्रेसीजनों ने भाग लिया। जुलूस एवं अबीर गुलाल के साथ पदयात्रा में चलते हुए



चुरामनपुर में जाकर ठहराव हुआ। इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा कांग्रेस के नीति सिद्धांतों पर चलकर देश का हाथ मजबूत करने का संकल्प लिया गया। उक्त अवसर पर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने कहा कि आज देश में दो तरह की विचारधाराएं चल रही हैं। एक तरफ कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन कर पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम कर रही है तो दूसरी तरफ भाजपा देश को तोड़ने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ अब आम जनमानस देश और लोकतंत्र को बचाने के लिए उठ खड़ा हुआ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा को सत्ता से बेदखल कर कांग्रेस को सत्ता पर बैठाएगी। उन्होंने कहा कि 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व में ही केन्द्र में सरकार बनेगी।

इस पदायात्रा को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डा मनोज कुमार पांडेय, बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी तथा प्रदेश युवक कांग्रेस के सचिव राहुल चौबे ने रामेश्वर मंदिर से पद यात्रा आरंभ होने के समय जोश खरोश के साथ विदा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के जयप्रकाश उपाध्याय ने किया। मौके पर एनएसयूआई के ईशान त्रिवेदी, आलोक पासवान, जिला कांग्रेस कमेटी के त्रिलोकी मिश्र, वरिष्ठ नेता अनिल उपाध्याय, युवा कांग्रेस के चंचल उपाध्याय, आलोक पासवान, एनएसयूआई के सौरव मिश्र, रोहित उपाध्याय, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीधर तिवारी, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय ओझा, अरविंद देवता पांडे, आर्यन राय, लालू मिश्र, गणेश कुमार, हरिशंकर त्रिवेदी समेत जिला कांग्रेस कमेटी के हजारों लोग पदयात्रा में कदम से कदम मिलाकर शामिल हुए।

## एक नजर

### भाजपा बगेन मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार अध्यक्ष ने गठित की 18 सदस्यीय टीम

**ब्रह्मपुर।** भारतीय जनता पार्टी बगेन मंडल के मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन ने अपने मंडल कार्यकारणी की घोषणा की है। अध्यक्ष ने मंडल कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए 18 सदस्यीय टीम का गठन किया है। जिसमें उपाध्यक्ष धीरज कुमार पान्डेय, बशिष्ट राय, अभय सिह, लाखपातो देवी,भुवन देवी, सुनिल सिह, महामंत्री मनजी पासवान और रितेश चौधरी, मंत्री अनिल तिवारी, मोहन ठाकुर, अजीत कुमार, संजय सिंह, दुर्गा देवी, ब्युटी कुमारी, कोषाध्यक्ष राजु चौधरी, मीडिया सह सोशल मीडिया प्रभारी अविनाश कुमार तिवारी, प्रवक्ता के रूप मे विकास मिश्र और सत्येन्द्र चौधरी को शामिल किया गया है। इस मंडल के वरीय पदाधिकारीगण कार्यसमिति के सदस्य होगे। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अभी पार्टी के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम चल रहा है 30 जून तक यह कार्यक्रम चलेगा इसके बाद इस मंडल के अंतर्गत आनेवाले सभी गांवो के जनसंघ काल से समर्पित सभी पार्टी नेताओं का स्वाभिमान सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। मंडल कार्यकरणी के गठन होने पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष इन्द्रजीत बहादुर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर, जिला मंत्री दिलिप चंद्रवंशी, भाजपा के वरीय नेता सत्येन्द्र मिश्र, बीरबहादुर राय, हरेंद्र पान्डेय, विजय शुक्ल, सोनू सिंह, मनजी सिंह, गुड्डु राय, पप्पु सिंह पूर्व मुखिया, धरीक्षण सिंह, टुना सिंह सहित दर्जनों लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

### सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर पर जानकारी देंगे जदयू कार्यकर्ता

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के मनरेगा भवन में सोमवार को प्रखंड स्तरीय जदयू कार्यकताओं की एक बैठक की गई। जिसमें काफी संख्या में पार्टी के कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यकारिणी बैठक में नीतीश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा किया गया। साथ ही बूथ स्तर पर सरकारी योजना संबंधित लोगों को जानकारी देने पर विचार विमर्श किया। बैठक में उपस्थित जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने कार्यकर्ताओ से लोगो को जागरूक करने तथा सरकार के योजनाओ के बारे में बताने का बात कही। वही प्रखंड प्रभारी सुरेन्द कुशवाहा ने कार्यक्रताओ से बूथ स्तर पर लोगो को जागरूक करने तथा योजनाओ ने बारे में बताने की बात कहा। कार्यकारिणी बैठक विधान सभा प्रभारी राजेश कुमार पाल व प्रखंड अध्यक्ष सत्यानंद कुशवाहा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, मोहन गुप्ता, राजेश कुशवाहा, बलिराम कुशवाहा समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### नावानगर के पत्रकार बिनोद मिश्र को मातृशोक पत्रकारों ने जताया शोक



**डुमरांव।** नावानगर के चर्चित पत्रकार बिनोद मिश्र को मातृशोक हो गया है। उनकी माता रामावती मिश्रा का निधन होने से पूरा परिवार शोक की लहर में डूब गया है। बता दें कि उनकी मां रामावती मिश्रा पति स्व अवध कुमार मिश्र अपने पीछे नाती पोतो से भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन की खबर मिलते ही पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई है। डुमरांव अनुमंडल पत्रकार संघ ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है और दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े होने की बात कही है। शोक जताने वालों में रविशंकर श्रीवास्तव, अशोक कुमार, अमर केशरी, अरबिंद कुमार चौबे, रजनीकांत दूबे, संजय कुमार, अनिल कुमार ओझा, रंजीत पांडेय, वरूण सिंह, प्रकाश कुमार बादल, अशोक कुमार, सत्येन्द्र सिंह समेत दर्जनों अन्य पत्रकार शामिल हैं।

### नियाजीपुर ठाकुरबाड़ी से आज निकलेगी भव्य रथ यात्रा, शामिल होंगे हजारों श्रद्धालु



**सिमरी।** बक्सर जिले के सिमरी नियाजीपुर स्थित राम जानकी मंदिर ठाकुरबारी से मंगलवार को भव्य जगरनाथ राम जानकी रथ यात्रा निकाली जाएगी। बताते चलें कि यह रथयात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू हो करके पूरे गांव को भ्रमण करते हुए जनकपुरी के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं इस रथ यात्रा में घोड़ा हाथी ऊंट गाजा बाजा एवं क्षेत्र के सभी भक्तगण और भगवाधारी सम्मिलित रहेंगे। मंदिर के महंत अर्जुन दास नागा बाबा ने बताते हुए कहा कि यह शोभायात्रा लगभग 100 वर्षो से ज्यादा समय से निकलते आ रही है। वहीं इस रथयात्रा में भगवान जगरनाथ के रूप में विराजमान शालिग्राम को डोली में बैठा कर के गांव को भ्रमण कराया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यात्रा कई वर्षो से निकलते आ रही है। जिसमें गांव के युवा और नौजवान लोगों का ही नहीं बल्कि दूसरे गांव के भक्तों का भी भरपूर सहयोग रहता है और बढ़-चढ़कर के इस यात्रा में शामिल होते हैं।

## लू के कहर से हुई 100 से अधिक मौतों के दावों को जिला प्रशासन मानने को तैयार नहीं

# बड़ा सवाल : क्या मुआवजा देने के डर से जिले में हीट वेव से हुई मौत के कारणों पर डाला जा रहा पर्दा

**तिलक कुमार/बलिया**

जनपद में हीट वेव के कारण अब तक हुई सैकड़ों मौतों के बावजूद जिला प्रशासन यह मानने को तैयार नहीं है कि मौत के पीछे वजह हीट वेव है। जबकि बीते दिनों निवर्तमान सीएमएस डॉ. दिवाकर सिंह द्वारा मौत का कारण हीट वेव बताए जाने पर उनका स्थानांतरण कर दिया गया। मौत की वजह पता लगाने के लिए शासन से दो-दो स्वास्थ्य निदेशक भी आए है, लेकिन अभी तक शासन-प्रशासन इस नतीजे पर नहीं पहुंच पाया है कि आखिरकार मौत के पीछे वजह क्या है। उधर जिला प्रशासन के इस उदासीन रवैये से क्षुब्ध प्रबुद्धजन एवं नेतागण ने कहा कि जिला प्रशासन मुआवजा देने के डर से मौत के कारणों पर पर्दा डाल रहा है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हीट वेव के कारण मौत का आंकड़ा सैंकड़ा पार कर चुका है। बीते दस दिनों से मौत का सिलसिला जारी है। हीट वेव ज्यादातर अधेड़ व वृद्ध आदमी को अपना शिकार बना रहा है। जनपद में सबसे ज्यादा मौतें जहां बांसडीह में हुई है, वहीं दूसरे नंबर पर गड़वार ब्लाक है। हीट वेव के मद्देनजर जिला प्रशासन आनन-फानन में बचाव के लिए एडवाइजरी भी जारी किए है। बावजूद लगातार हो रही मौत के सवाल पर जिला प्रशासन अभी तक यह मानने को तैयार नहीं है कि मौत के पीछे वजह हीट वेब है। ऐसे में नेतागण अब जिला प्रशासन को कठघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। एआईएमआईएम के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने बताया कि शासन मृतक के परिवार को मुआवजा देने के डर से जिला प्रशासन द्वारा मौत के कारणों पर पर्दा डालने की कोशिश में लगे हैं। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज राय हंस ने कहा कि मृतक के परिवार को मुआवजा ना देना पड़े, इसलिए जिला प्रशासन द्वारा मौत का कारण स्पष्ट बताया नहीं जा रहा है। मौत का कारण सिर्फ और सिर्फ हीट वेव है और सरकार को मृतक के परिवार को हर हाल में मुआवजा देना चाहिए। सपा नेता राहुल राय ने बताया कि जिला प्रशासन ड्रामा बंद करें और मृतक के परिवार के लिए जल्द से जल्द मुआवजा देने की घोषणा करें।

**हीट वेव से मौतों पर कितना मिलता है मुआवजा :** उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व शासनादेश संख्या 303, 27 जून 2016 को जारी किया गया था। जिसमें हीटवेव के प्रकोप को राज्य आपदा माना गया है। इसके तहत पीड़ित व्यक्ति या उसके परिजनों को सहायता राशि देने का प्रावधान किया गया है। इसके अनुसार हीटवेव लगने से मौत होने पर चार लाख रुपए की मदद मृतक के परिवार को दी जाएगी। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन के अंतर्गत बीते 2018-19 के लिए 3 करोड़ 60 लाख जारी भी किए थे। लेकिन इस बार अफसासे एक के बाद एक मौत हो जानें के बलिया के जिला प्रशासन के अधिकारी कान में तेल डालकर सोए है।



### सोमवार को भी अस्पातल में जमे रहे दोनों निदेशक, कारण बताने में अक्षम

हीट वेव से जनपद में हो रही मौतों के बीच रविवार को शासन से आए निदेशक स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश डा. केएन तिवारी एवं निदेशक संचारी डा. एके सिंह सोमवार को भी जिला अस्पताल में जमे रहे। दिनभर जिला अस्पताल में आ रहे मरीजों की जांच की, लेकिन अभी तक दोनों निदेशक मौत के पीछे कारणों को बताने में कन्नी काटते नजर आए। सोमवार को जिलाधिकारी ने भी जिला अस्पताल का दौरा किया, लेकिन वे भी वही राग आलापते रहे जो निदेशक आलाप रहे थे।

## डीएम के दावों की अधिवक्ता ने खोल दी कलई

**बलिया।** जिला अस्पताल में हो रही एक के बाद एक मौतों के बावजूद जहां जिलाधिकारी दौरा करने के बाद यह कहते नहीं थक रहे हैं कि जिला अस्पताल में सारी सुविधा मुहैया है। वहीं सिविल कोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप कौशिक सोमवार को जिलाधिकारी के हर दावे की कलई खोलकर रख दी है। प्रदीप कौशिक ने जिला अस्पताल में व्याप्त दुव्यर्वस्थाओं की सीएमओ से शिकायत करने के बाद सीएम योगी को ट्वीट किया है।



आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सिविल कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कौशिक सोमवार को अपने बड़े पापा को लेकर जिला अस्पताल में इलाज कराने के लिए आए थे, जहां उनसे कहा गया कि आप काउंटर से पर्ची काटकर इमरजेंसी में जाकर मरीज को भर्ती करा दीजिए। इमरजेंसी जाने पर प्रदीप कौशिक के मुताबिक उन्हें सिर्फ एक किट दिया गया और कहा गया कि बाकी सामान आप बाहर से खरीद लीजिए। इस पर अधिवक्ता प्रदीप कौशिक खासे नाराज हो गए और कहा कि जब एक तरफ सरकार उत्तम स्वास्थ्य सुविधा का दंभ भर रही है, दूसरी तरफ जिला अस्पताल के इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक व कर्मचारी यह कैसे कह सकते हैं कि जाइए आप बाहर से बाकी दवा आदि खरीद लीजिए। कहा कि सरकारी सुविधाओं का जिला अस्पताल में दुरूपयोग किया जा रहा है। कहा कि मैं इसको लेकर सीएमओ से शिकायत करूंगा।

## नए भारत के निर्माता हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीः दयाशंकर

**केटी न्यूज/बलिया**

देश में आजादी के बाद पहली बार कोई प्रधानमंत्री अपने नौ वर्ष के कार्यकाल का हिसाब-किताब जनता के बीच रखने के लिए आगे आया है। आज भाजपा सरकार में जिस तरह देश का मान-सम्मान विश्व मंच पर बढ़ा है वैसा कभी संभव नहीं हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी नए भारत के निमार्ता हैं। यह बातें नगर विधायक व प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित लाभार्थी सम्मेलन में कही।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कालखंड में देश का हर व्यक्ति लाभान्वित हुआ है। इसके अलावा हर क्षेत्र में इन 9 सालों में अभूतपूर्व रूप से विकास कार्य हुए हैं। कोरोना में जहां पूरा विश्व परेशान था तो भारत में 80 करोड़ गरीबों को राशन देकर उनको जीवन देने का काम किया गया। इसके अलावा शौचालय, आवास, उज्जवला कनेक्शन, पांच लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं व किसान सम्मान निधि का लाभ लाखों परिवारों को दिया गया है।इतना ही नहीं आपके द्वारा कमल का बटन दबाने से धारा 370 गायब हो गया। मोदी सरकार में 9 सालों में एक भी भ्रष्टाचार नहीं हुआ जो सबसे बड़ी उपलब्धि है। कहा बलिया में ट्रिपल ईंजन की सरकार बन गयी है तो यहां भी सभी मिलकर विकास की गंगा बहाएंगे। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि भाजपा सरकार में श्रमिकों का निरंतर सम्मान बढ़ा है। भाजपा सरकार ने पूरे देश में कितने परिवारों के सर पर छत दी होगी। आज देश में हर व्यक्ति, किसी न किसी योजना का लाभार्थी है। देश कोरोना जैसी गंभीर समस्या से निकलकर आया है, ऐसे में अनेक देशों की अर्थव्यवस्था डगमगा गई परंतु भारत नित नए आयामों को छू रहा है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का असर है। कार्यकताओं ने नेताद्वय का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में चेयरमैन संत कुमार गुप्ता मिठाई लाल, संजय मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, सोनी तिवारी, वशिष्ठ दत्त पांडेय, सुरजीत सिंह, नकुल चौबे, पीयूष चौबे, घनश्याम दास जौहरी आदि मौजूद रहे।

## ट्रैफिक पुलिस ने सड़कों से हटवाया अतिक्रमण, लोगों को मिलेगी राहत

**बलिया।** नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए शनिवार को ट्रैफिक पुलिस ने बस स्टैंड चौराहे से बाजार तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान खासकर रेहड़ी पटरी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि अपनी दुकानें लगाकर वाहनों की आवाजाही में व्यवधान पैदा न करें। वहीं दुकानदारों को फुटपाथ पर कब्जा नहीं करने की चेतावनी दी गई। इस दौरान ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर रुद्र प्रताप मल्ल द्वारा साफ तौर पर कहा गया कि यदि फुटपाथ पर कब्जा कर दुकान लगाते हैं तो ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हिदायत दिया कि सड़क पर वाहन खड़ा करते हुए पाए जाने पर या सड़क पर अतिक्रमण लगाने वालों के खिलाफ



कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के इस अभियान को देखते हुए काफी संख्या में दुकानदारों ने फुटपाथ से अपने सामान को हटा कर लिया। बताते चलें कि सिकंदरपुर में विभिन्न स्थानों पर फुटपाथ पर कब्जा कर दुकानदारी की जा रही है दुकानदार अपनी दुकान के बाहर काफी सामान रख देते हैं। जिसके कारण वहां से गुजरने वाले राहगीरों को काफी परेशानी होती है।

## अस्पताल में मरीजों के लिए कूलर, पंखे व एसी लगाया जाएः जिलाधिकारी

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जिला चिकित्सालय बलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दवाओं, स्टॉफ और मरीजों के लिए बेड के संबंध में जानकारी हासिल की। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एसके गुप्ता ने जिलाधिकारी को बताया कि जिला अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में बेड उपलब्ध है। साथ ही दवाओं की भी पर्याप्त व्यवस्था है। जिलाधिकारी ने कहा कि अस्पताल के प्रवेश द्वार पर स्टाफ लगाये जाएं। जिससे कि मरीजों को अस्पताल आते ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने लगे। साथ ही मरीजों के लिए कूलर, पंखे और एसी लगाने का निर्देश उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को दिया। उन्होंने रुद्रा परिवार के लोगों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने 10 बड़े कूलर अस्पताल को दिए। जिलाधिकारी ने अन्य लोगों को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस गर्मी के मौसम में लोगों की संवेदना को समझें और चिकित्सा विभाग को कूलर आदि देने की पहल करें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि अस्पताल में मरीज के साथ कम से कम लोग आए जिससे कि अफरातफरी की स्थिति पैदा ना हो। साथ ही अधिक लोग होने की वजह से गर्मी भी ज्यादा लगती है। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला अस्पताल को अनवरत बिजली उपलब्ध कराई जाए।

## बड़ौदा यूपी बैंक में नयी भर्ती की मांग को ले कर्मचारियों ने किया हड़ताल

**केटी न्यूज/बलिया**

इस वर्ष भी बड़ौदा यूपी बैंक में नयी भर्ती न किये जाने से नाराज हजारों अधिकारी और कर्मचारी सोमवार को हड़ताल पर रहकर अपना विरोध प्रदर्शित किये। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के 31 जिलों में ग्रामीण क्षेत्रों में फैली हुयी बड़ोदा यू पी बैंक की 1983 शाखाओं में 19 जून को हड़ताल के चलते काम काज ठप रहा। इस हड़ताल को रोकने के लिए उप मुख्य श्रम आयुक्त कानपूर द्वारा आयोजित वार्ता दो बार विफल हो चुकी है। बैंक के अड़ियल रवैये से नाराज श्रम आयुक्त ने बैंक ऑफ बडोदा के प्रबंध निदेशक को कड़ा पत्र भेज करके अगली वार्ता में 23 जून को उन्हें स्वयं अथवा महाप्रबन्धक से उच्च स्तर के अधिकारी को बातचीत के लिए बुलाया है।



पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि निर्धारित तिथि पर वह स्वयं या उनका सक्षम प्रतिनिधि वार्ता में शामिल नहीं होता है तो उनको हाजिर होने के लिए सम्मन जारी किया जाएगा। हड़ताल की नोटिस देने वाले ज्वाइंट फोरम ऑफ बी ओ बी स्पोंसर्ड आर आर बी यूनियन के संयोजक शिवकरण द्विवेदी का कहना है कि सभी ग्रामीण बैंकों में प्रतिवर्ष नयी भर्ती हो रही है लेकिन बैंक ऑफ बड़ौदा के दबाव में गत 3 वर्षों से यहाँ पर कोई भी भर्ती नहीं की गयी है। जिसके कारण बैंक के ग्राहकों की सेवाएँ प्रभावित हो रही हैं तथा मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ तेजी से बढ़ रहा है, उनका आरोप है कि नयी भर्ती न करके बैंक ऑफ बडोदा से 27 अधिकारियों को यहाँ पर प्रतिनियुक्ति पर लाया गया है जिनका वेतन, भत्ते और सुविधाओं का भारी बोझ इस बैंक को उठाना पड रहा है, उनका यह भी आरोप है कि बैंक के उच्च अधिकारी प्रायोजक बैंक के इशारे पर भारत सरकार और नाबार्ड के नियमों की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। बड़ौदा यूपी बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय पर आज बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया।सभा का संचालन विक्रमादित्य सिंह ने किया। सभा के अंत में प्रतिनिधिमंडल ने बतिया के दोनों क्षेत्रीय प्रबन्धक के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबन्ध निदेशक को मांगों से सम्बंधित ज्ञापन प्रदान दिया।

### चिरैयाकोट नगर पंचायत के सभाकक्ष में नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक , समस्याओं के निस्तारण का दिया गया आश्वासन

# बहेगी विकास की धारा, जनसेवा ही हमारा मूल उद्देश्यः नपं अध्यक्ष

**केटी न्यूज/मऊ**

चिरैयाकोट नगर पंचायत के सभाकक्ष में नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक सोमवार को संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत चिरैयाकोट के नव निर्वाचित अध्यक्ष रामप्रताप यादव ने किया। जिसमें सभासदों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम नगर पंचायत एवं अधिशासी अधिकारी ने समस्त 15 वार्डों से चुनकर आए सभासदों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। तत्पश्चात बैठक में विकास के एजेंडे को पढ़ा गया। जिसमें कान्हा गौशाला, नाली, खड़ंजा, इंटरलाकिंग,




जलनिगम की पाइपलाइन का विस्तारीकरण, एमआर सेंटर (कूड़ा निस्तारण केंद्र), प्रकाश व्यवस्था, ट्यूबवेल अधिष्ठापन आदि जनहित के कार्य शामिल रहे। जिसका समस्त सदस्यों ने ध्वनिमत से अनुमोदन किया। तत्पश्चात नगर पंचायत बोर्ड की पहली बैठक में अनुमानित आय 15 करोड़ 43 लाख 50 हजार रुपए तथा अनुमानित व्यय 15 करोड़ 43 लाख 35 हजार रुपए का बजट पास किया गया। बैठक में सभी सदस्यों द्वारा अपने-अपने वार्ड की जन समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके निस्तारण के लिए प्रस्ताव पत्र प्रेषित किया गया।

तत्पश्चात अध्यक्ष ने सदस्यों द्वारा प्रेषित जन समस्या को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्यवाही में शामिल करते हुए जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इस बीच नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभी सभासदों ने एक-दूसरे का सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी का सहयोग मिलेगा तो चिरैयाकोट में विकास की गंगा नहीं, विकास का दरिया बहेगा। जनसेवा ही हमारा मूल उद्देश्य है। वहीं वार्ड संख्या 6 मोलनागंज के सभासद मनोज कुमार वर्मा ने जल निगम की टंकी पर जनरेटर और सफाईकर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग किया। जिसे शीघ्र ही पूरा करने का अध्यक्ष ने भरोसा दिया। वहीं दुबारा निर्वाचित होकर आये कुछ सभासद अध्यक्ष से नाराज दिख रहे थे। जिसके कारण पिछले कार्यकाल की तरह पुनः सभासदों के दो गुटों में बंटने के कयास लगाए जा रहे थे। परंतु समस्त 15 सभासदों ने एक साथ बैठक में हिस्सा लेकर सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। जो स्थानीय नगर के विकास के लिए शुभ संकेत है। बैठक में राम प्रताप यादव अध्यक्ष नगर पंचायत, समस्त 15 सभासद अनीता देवी, चंद्रशेखर राम, पंचम राम, संदीप कुमार, मनोज कुमार वर्मा, कलामुद्दीन, संतोष यादव, मन भावती, केशव यादव, ज्ञानती देवी, शशि कला देवी गुलाम अशरफ, अफसरी एवं अधिशासी अधिकारी अखिलेश यादव, अवर अभियंता सी पी दुबे, सत्येंद्र कुमार, ऋतिक त्रिपाठी एवम समस्त नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर लगाए गए पौधे

**बलिया।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के 54 वां जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बलिया के सभागार में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष उमाशंकर पाठक के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने केक काटकर व मिष्ठान्न वितरण कर बधाईयां दी। तत्पश्चात आम, लीची, 21 पौधों का पौधारोपण भी किया गया। राहुल गांधी के बिचारों से प्रभावित होकर आज पाँच नौजवानों आर्यन सिंह, आशीष गिरी, अंकित गुप्ता, रोहन गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उसके बाद राहुल गांधी जी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर आयोजित गोष्ठी में का. अध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि श्री राहुल गांधी जी ने वर्तमान माहौल में पुरे देश में नफरत की बाजार में मुहब्बत की दुकान के तहत भारत जोड़ो यात्रा किए और सबको गले लगाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष सचिता नन्द तिवारी, मुन्ना उपाध्याय, विजय मिश्रा, अभिनव तिवारी गोलू, रूपेश चौबे, मणिनाथ तिवारी, सन्तोष चौबे, हरिकेन्द्र सिंह, सिद्धनाथ तिवारी, ऊषा सिंह, शाहिद अल्ली खां, धीरेन्द्र ओझा, विवेक ओझा, फुलबदन तिवारी, रामेश्वर तिवारी आदि मौजूद रहें।



### आईआईटी-जेई एडवांस की परीक्षा में रोशन ने पायी सफलता, लाया 229वां रैंक

**गाजीपुर।** रेवतीपुर ब्लाक अंतर्गत नगदीलपुर निवासी रोशन उपाध्याय ने आईआईटी-जेई एडवांस -2023 की परीक्षा पहली बार में सफलता अर्जित कर जिले का नाम रौशन किया है। इस घोषित नतीजे में उन्हें 229वां रैंक मिला है। इस सफलता की जानकारी परिजनों व गाँव के लोगों को होते ही सभी में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। लोगों ने एक दूसरे को बधाई दे?ने के साथ ही मिठाई खिलाकर इस खुशी का जमकर जश्न मनाया। पिता बृजविहारी उपाध्याय जो बिहार सशस्त्र पुलिस सेवा में तैनात हैं ने बताया कि उनका पुत्र शुरू से मेघावी रहा है। बताया कि उनका पुत्र रोशन तीन भाई बहनों में सबसे छोटा है।उन्होनें बताया कि उनका पुत्र कैंब्रिज स्कूल से इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने के बाद स्वयं से तैयारी शुरू की और पहले ही प्रयास में यह परिणाम सफलता के रूप में प्राप्त किया। बताया कि यह परिवार व गाँव के लिए गौरव का पल है।



### सहेड़ी-वाराणसी-गोरखपुर हाई वे मिट्टी लदे ट्रैक्टर की जद में आने से अधेड़ की मौत

**गाजीपुर।** नंदगंज थाना क्षेत्र के सहेड़ी-वाराणसी-गोरखपुर हाई-वे पर शनिवार की देर शाम सहेड़ी चट्टी से सामान लेकर घर जा रहे एक अधेड़ व्यक्ति की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कुछ दूर ट्रैक्टर खड़ा कर भाग गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही ट्रैक्टर को थाने ले आई। बता दें कि सहेड़ी गांव निवासी मिठाई गौड़ (50) सहेड़ी चट्टी से सामान लेकर अपने घर सहेड़ी जा रहे थे। तभी सहेड़ी हाइ-वे पर तेज रफ्तार से आ रहे मिट्टी लदा ट्रैक्टर ने जोरदार धक्का मार दिया। जिससे उछल कर कुछ दूर जाकर गिर पड़े और बुरी तरह से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे रजादी चौकी इंचार्ज रमेश पटेल ने घायल को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल इलाज के लिए ले गए, जहां कुछ ही देर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। लोग भागे-भागे जिला अस्पताल पहुंचे। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो लड़का दो लड़की छोड़ गए है। पत्नी बुधिया देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।मिठाई लाल के ही ऊपर पूरा घर का बोझ था। वहीं, एक मात्र घर के कमाऊ सदस्य थे। घर की माली हालत ठीक नहीं है। इनकी स्थिति बहुत ही दयनीय है। अब इनके परिवार के ऊपर बहुत ही संकट आ गया। रज्जादी चौकी प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि परिजन की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।



### एएफपी कार्यशाला में स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों को मिली जानकारी

**गाजीपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह के सभागार में सोमवार को एएफपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एसएमओ डॉ. विनय शंकर ने बताया कि पिछले छह माह के दौरान 15 वर्ष तक का कोई भी बच्चा जिसका कोई भी अंग किसी भी कारण से अचानक लूंज या कमजोर पड़ गया हो, उसे हम एएफपी कहते हैं। आगे उन्होंने एएनएम व स्वास्थ्य पर्यवेक्षक से कहा कि 15 वर्ष से कम उम्र, पहले से पूर्ण स्वस्थ बच्चा हो और छह महीने के अंदर अचानक किसी भी अंग में कमजोरी की शुरुआत या लकवा जैसे लक्षण दिखे तो तुरंत उनकी रिपोर्ट करें। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट के 48 घंटों के अंदर बच्चे की जाँच करते हुए उसके दो मल का नमूना जो 24 घंटे के अंतराल का होगा वह जाँच के लिए भेजा जाएगा और अगले 60 से 90 दिनों के अंदर पुनः बच्चे की जाँच की जाएगी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० अशोक कुमार सिंह ने सभी को कहा कि बुखार के साथ शरीर पर दाने और साथ में खाँसी, बहती हुई नाक या आंखों का लाल होना जैसे लक्षण दिखें, तो यह खसरा का लक्षण हो सकता है। इसकी भी हमें रिपोर्ट करनी है। सभी एएनएम अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी एएफपी और खसरा की रिपोर्ट तुरंत करेगी। कार्यशाला में बीपीएम प्रेम प्रकाश राय, बीसीपीएम रियाज सुल्तान, सहायक शोध अधिकारी आरएस गोप, प्रशांत सिंह, समस्त चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट और सभी उपकेन्द्र के सभी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, सभी एएनएम उपस्थित थीं।



### मड़ई में लगी आग, एक की मौत

**मऊ।** रानीपुर थाना क्षेत्र के मण्डुसरा बुजुर्ग में रिहायसी मडई में आग लगने से मड़ई मे अंदर सोए व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक मुन्ना पाल 46 वर्ष पुत्र श्रीकिशुन पाल ग्राम कनईला थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ का रहने वाला था। करीब सात साल से मण्डुसराबुजुर्ग अपने ससुराल में ही पत्नी के साथ रहता था। कुछ दिन पहले पत्नी सीमा पाल के झगड़ा कर मारपीट दिया जिससे पत्नी नाराज होकर किसी रिश्तेदार के यहां चली गई थी। उसकी सास गांव में ही कोटे की दुकान पर राशन के लिए गई हुई थी मुन्ना दोपहर के समय मडई पर आया और मडई के अन्दर चला गया। कुछ देर बाद मडई मे आग लग गई जिसमें वो बुरी तरह से जल गया। हालांकि, लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया। लेकिन जब तक आग पर काबू पा लिया गया।